ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्षः 3 अंक : 168
मेरठ, शुक्रवार , 1 9 अप्रैल 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



बुद्धिहीन उपभोक्तावाद की आसक्ति से नहीं मिलेगी खुशी.. 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

विक्टोरिया पार्क से किया गया पोलिंग पार्टी को रवाना..... 6

## एक नजर..

### आम चुनाव पहला चरण, वोटिंग आज



नयी दिल्ली (एजेंसी) लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। इसके साथ ही कल अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह सात बजे शुरू हो कर शाम छह बजे तक चलेगा। 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक कर्मी तैनात किये गये है।

### बंगाल में रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव



कोलकाता, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव की एक घटना में चार लोग घायल हो गये। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बुधवार रात करीब 9.10 बजे हुई घटना में शामिल होने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह घटना तब हुई जब शोभायात्रा एगरा में कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। मामले की जांच की जा रही है।


### महबूबा ने अनंतनाग-राजौरी से भरा पर्चा



अनंतनाग रू पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। पार्टी के कई नेताओं और सैकड़ों समर्थकों के साथ महबूबा अनंतनाग के उपायुक्त और निर्वाचन अधिकारी सैयद फखरुद्दीन के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं। पर्चा दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों से चुनावों का बहिष्कार न करने की अपील की। उन्होंने कहा 'यह चुनाव जम्मू-कश्मीर की गरिमा, पहचान और संसाधनों पर किए गए हमले के मुद्दों पर है।'

# ईवीएम केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हर चीज पर संदेह ठीक नहीं

## मतों का वीवीपैट से मिलान मामले पर फैसला सुरक्षित



नयी दिल्ली, (एजेंसी) चुनावी प्रणाली में मतदाताओं की संतुष्टि और विश्वास के महत्व को रेखांकित करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ताओं से कहा, 'हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। यदि चुनाव आयोग अच्छा काम करता है तो उसकी सराहना करें।' इसके साथ ही जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने वीवीपैट के साथ ईवीएम से डाले गए वोटों के पूर्ण क्रॉस-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

वीवीपैट एक वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनका वोट सही तरीके से डाला गया है या नहीं। याचिकाकर्ता एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने चुनाव आयोग के 2017 के फैसले को उलटने की मांग की जिसके माध्यम से मतदाता सिर्फ सात सेकेंड के भीतर (बल्ब जलने तक) पर्ची देख सकता है। सुनवाई के दौरान भूषण ने कहा कि वह चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन सुधार की संभावना मौजूद है। अदालत कक्ष में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अदालत के एक अधिकारी के रूप में वह कह रहे हैं कि चुनाव की पूर्व संध्या पर ईवीएम की प्रभावकारिता पर संदेह करने के याचिकाकर्ताओं के इन प्रयासों का मतदान प्रतिशत पर प्रभाव पड़ता है।

**चुनाव आयोग को भी दी सलाह**

लगभग दिन भर चली सुनवाई के दौरान, पीठ ने चुनाव आयोग के अधिकारी से कई सवाल पूछे और कहा, 'सार्वजनिक डोमेन में जो उपलब्ध है और जो होना चाहिए, उसके बीच कुछ अंतर प्रतीत होता है। इसे पाटने की जरूरत है।'

# देश को 2.5 अरब डॉलर की जीएसटी क्षति

## विदेशी अवैध सट्टेबाजी कंपनियों का जाल




नयी दिल्ली, (एजेंसी) गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने कहा कि विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़ी इकाइयां सरकारी खजाने को प्रति वर्ष 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचा रही हैं। संगठन ने सरकार से ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

एआईजीएफ के सीईओ रोलैंड लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाएं अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वैध तथा अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते। अवैध विदेशी इकाइयां उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुआ मंच एक साल में 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि एकत्र कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में कम से कम 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।'

उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थाओं ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में वृद्धि की है। उनमें से कुछ इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि उनके मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए। सरकार ने एसआरओ लाने का प्रस्ताव रखा था लेकिन 90 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा नहीं किया जा सका।

# नेस्ले की सफाई- शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई

## आरोप- कम विकसित देशों के सामान में ज्यादा मीठा मिलाती है कंपनी




नयी दिल्ली, (एजेंसी) नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पिछले पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच यह स्पष्टीकरण दिया जिसमें दावा किया गया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। इस संबंध में पूछे जाने पर कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है।' आईबीएफएएन की रिपोर्ट में विभिन्न देशों में बेचे जाने वाले करीब 150 विभिन्न शिशु उत्पादों का अध्ययन किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, छह महीने के बच्चों के लिए नेस्ले का गेहूं आधारित उत्पाद 'सेरेलैक' ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है, लेकिन भारत से विश्लेषण किए गए 15 सेरेलैक उत्पादों में एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। भारत में पैकेजिंग पर चीनी की मात्रा बढ़ाई गई थी। उत्पाद में सबसे अधिक चीनी थाईलैंड में छह ग्राम पाई गई। फिलीपीन में आठ नमूनों में से पांच में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई और इसकी जानकारी पैकेजिंग पर भी घोषित नहीं की गई थी।

# दिल्ली के महापौर के लिए खीची आप उम्मीदवार



नयी दिल्ली, (एजेंसी) आम आदमी पार्टी (आप) ने देवनगर वार्ड से पार्षद महेश खीची को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) महापौर चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी नेता गोपाल राय ने कहा कि अमन विहार से पार्षद रविंदर भारद्वाज उप महापौर पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार होंगे। इस वर्ष एमसीडी महापौर का चुनाव आरक्षित श्रेणी के पार्षदों में से किया जाएगा। महापौर का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। यहां 250 में से आप के 134 पार्षद हैं, जिसके कारण दोनों उम्मीदवारों की चुनावी राह मुश्किल नहीं है।

## लोकतंत्र का महाकुंभ

# राहुल गांधी में अमेठी से लड़ने की हिम्मत नहीं : राजनाथ



पत्तनमथिट्टा,(एजेंसी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार के बाद उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। सिंह ने कहा कि गांधी अपनी हार के बाद उत्तर प्रदेश से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अनिल के. एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कटाक्ष किया,' मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है।' देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं ' लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्ष में 'लॉन्च' नहीं हो पाए।' उन्होंने वायनाड से कांग्रेस सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया।

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी की सराहना की और उन्हें एक ऐसा अनुशासित तथा सिद्धांतवादी व्यक्ति बताया जिनकी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। सिंह ने कहा कि वह एंटनी के इस बयान पर हैरान रह गए कि अनिल एंटनी चुनाव हार जाएं।' मैं जानता हूं कि वह (एके एंटनी) सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है।3इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो।' अपने भाषण में भाजपा नेता ने कांग्रेस और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पर भरोसेमंद नहीं होने का भी आरोप लगाया।

# बृजभूषण पर आरोप तय करने का फैसला 26 को संभव



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है। सिंह ने वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है। सिंह के वकील ने मामले में कई अन्य मुद्दों को भी उठाया। लोक अभियोजक ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह बचाव पक्ष द्वारा मुकदमे में विलंब करने का हथकंडा है। न्यायाधीश ने आदेश सुरक्षित रख लिया और अगली सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख तय की। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न), 354डी (पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत 15 जून को आरोपपत्र दाखिल किया था। पुलिस ने डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर पर भी आरोप लगाए थे।

# शिल्पा और कुंद्रा का एक बंगला, फ्लैट व 98 करोड़ के शेयर कुर्क

## बिटकॉइन धोखाधड़ी मामले में ईडी की कार्रवाई



नयी दिल्ली, (एजेंसी) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कथित पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगले और एक फ्लैट को कुर्क किया है।

यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

संघीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी शेयर शामिल हैं। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है। आरोप है कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ भोली-भाली जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए। उसने कहा कि ये बिटकॉइन भोले-भाले निवेशकों से अमित भारद्वाज द्वारा एकत्रित की गयी 'अपराध की आय' से प्राप्त किए गए थे।

**कुंद्रा के पास अब भी 150 करोड़ के बिटकॉइन**



ईडी ने दावा किया, 'चूंकि बिटकॉइन का सौदा पूरा नहीं हो पाया तो कुंद्रा के पास अब भी 285 बिटकॉइन हैं जिनकी कीमत अभी 150 करोड़ रुपये से अधिक है।' शेट्टी और कुंद्रा के वकील प्रशांत पाटिल ने एक बयान में कहा, 'हमारा निष्पक्ष जांच में भरोसा है।' ईडी ने पिछले साल इस मामले में सिम्पी भारद्वाज, नितिन गौड़ और निखिल महाजन को गिरफ्तार किया था। वे अभी न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। ईडी ने बताया कि मुख्य आरोपी अजय भारद्वाज और महेंद्र भारद्वाज फरार हैं। उसने पहले भी 69 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। अभी तक दो आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं।

# भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है:राहुल



कन्नूर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। कन्नूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। देश के आधुनिक इतिहास में संभवतरू यह पहला ऐसा चुनाव होगा जो कि 'भारत के संविधान और हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे के बारे में होगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है और अपना वक्त 'बर्बाद' कर रही है।

## एक नजर..

## 9 दिवसीय 51 कुण्डीय विशाल सहस्त्रचंडी महायज्ञ का हुआ भव्य समापन



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। अग्रवाल मण्ड़ी टटीरी में चल रहे 51 कुण्डीय विशाल सहस्त्रचन्ड़ी महायज्ञ का भव्य समापन हो गया।

समापन अवसर पर यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष अंकुर पंड़ित व राजेश पंडित गढ़ वाले, महामंत्री संजीव शर्मा व दीपक गोयल, कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल व मनोज गुप्ता ने परम पूज्नीय स्वदेश स्वरूप ब्रहमचारी जी महाराज वृंदावन वाले, यज्ञ आचार्य पंड़ित मनोहरलाल जी, पुरा महादेव के मुख्य पुजारी जयभगवान शास्त्री सहित सैंकड़ो ब्राहमणों को यज्ञ कार्य सफलतापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए माला व पटका पहनाकर व माता रानी जी का चित्र व बर्तन भेंट कर सम्मानित किया और दक्षिणा प्रदान की। यज्ञ में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले अतिथियों और ब्राहमणों ने आतिथ्य और शानदार यज्ञ के आयोजन के लिए 51 कुण्डीय विशाल सहस्त्रचण्डी महायज्ञ समिति की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर समिति की और से यज्ञ में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एक विशाल भंड़ारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जय प्रकाश धामा, राहुल धामा, प्रवीण कुमार, एड़वोकेट अचिन गर्ग, प्रमोद गुप्ता चेयरमैन, कौशल त्यागी, मितलेश देवी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## यूपीएससी में चयनित होकर रिपुदमन सिंह ने किया बागपत का नाम रोशन

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। लधवाड़ी गांव के रहने वाले दिल्ली सरकार के स्कूल से रिटायर्ड प्रधानाचार्य टीपी सिंह के पुत्र रिपुदमन सिंह का यूपीएससी में चयन होने पर जनपद बागपत में खुशी की लहर है।

रिपुदमन के मामा संजीव कुमार जो किसान इंटर कॉलेज मवीकलां बागपत में वाईस प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत है के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। संजीव कुमार ने बताया कि रिपुदमन सिंह ने यूपीएससी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 977 वीं रैंक हासिल की। कहा कि वर्तमान में रिपुदमन सिंह के पिता टीपी सिंह गाजियाबाद के इन्दिरापुरम में रहते है और उनका पैतृक गांव लधवाड़ी है। गांव के लोग रिपुदमन सिंह की इस उपलब्धि में स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है और पूरे गांव में हर्ष की लहर है। रिपुदमन सिंह की इस उपलब्धि पर उन्हें प्रसिद्ध समाज सेवी यशपाल सिंह सहित सैंकड़ो लोगो ने बधाई दी।

## महावीर जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी धूमधाम से रथ यात्रासभी तयारी पूर्ण

युरेशिया संवाददाता




बड़ौत। नगर के श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति नेहरू रोड बडौत में एक बैठक हुई। बैठक में विचार विमर्श के बाद में तय किया गया कि अहिंशा के प्रवर्तक श्री 1008 श्री महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 20 अप्रैल को दोपहर माता त्रिशला जी की गोद भराई का कार्यक्रम श्री राजा श्रेयांस आहार समिति के सौजन्य से बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। उसी दिन संध्या के समय 108 दीपको से पहले संगीतमय आरती उसके बाद भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। और फिर भगवान के जन्मोत्सव की खुशी मनाई जाएगी। वही पालना झुलाने का कार्यक्रम भी होगा।21 अप्रैल को सुबह 6 बजे श्री जी का अभिषेक ,शांतिधारा और दैनिक पूजा का कार्यक्रम पंडित श्री नरेश चंद जैन हस्तिनापुर वालो के सानिध्य में कराया जाएगा। तत्पश्चात श्रो 108 आचार्य श्री सौरभ सागर जी के आशीर्वाद और सानिध्य में भगवान श्री महावीर स्वामी की रथयात्रा निकाली जाएगी। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि 8 बजे सुबह पहले आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज जी का प्रवचन होगा और बोली का कार्यक्रम होगा फिर श्री जी की रथयात्रा निकाली जाएगी जो श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से चलकर नेहरू मूर्ति होते हुए पाण्डुक्षिला बी फील्ड में पहुंचेगी जहा श्री जी का अभिषेक होगा और रथयात्रा श्री 1008 अजीतनाथ और शांतिनाथ मंदिर होते हुए वापिस नेहरू रोड जैन मंदिर पहुंचेगी।इस कार्य कर्म को सफल बनाने के लिए सभी मंदिर समिति के पदाधिकारी और सदस्य पूरे जी जान से लगे हुए है। पूरे मंदिर जी को रंगीन लाइट से सजाया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सत्येंद्र जैन नरेश जैन अतुल जैन संजीव जैन अमन जैन अमित जैन मुकेश जैन अनिल जैन राजीव जैन मौजूद थे।




# मतदान को जागरूक करने के लिए कलेक्ट्रेट में हुई एयर बैलून की लॉन्चिंग

### एयर बैलून से बड़ी संख्या में मतदान के लिए प्रेरित होंगे बागपत के मतदाता
### स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जनपद में 5 स्थानों पर एयर बैलून किया लॉन्च
### 26 अप्रैल को बागपत का मतदाता मतदान के लिए तैयार



युरेशिया संवाददाता

बागपत । दृ चुनाव का पर्व- देश का गर्व लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 जनपद बागपत में 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के लिए (स्वीप )मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेटध् जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में हाइड्रोजन बैलून की लॉन्चिंग की ये बैलून जनपद में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पांच स्थानों पर लगाए गए है कलेक्ट्रेट बागपत, कार्यालय नगर पालिका खेकड़ा , छपरौली विकासखंड ,जीवाना टोल प्लाजा ,पुलिस क्षेत्र क्षेत्राधिकार बड़ौत कार्यालय में हाइड्रोजन एयरबैलून स्थापित किए गए हैं जिन पर जनपद में होने वाले 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए बागपत के मतदाताओं को जिलाधिकारी की अभिनय पहल पर यह कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया जिससे कि बागपत का हर मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके और अपना मन पसंदीदा जनप्रतिनिधि को चुन सके।

मतदान तिथि लिखा एयर बैलून लॉन्च किया जो जनपद के मतदाताओं को 26 अप्रैल को होने बाले मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा। एयर बैलून के जरिए मतदान की अपील की जा रही है। स्वीप जिला समन्वयक अरुण तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारीध् जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में स्वीप के अंतर्गत बैलून पर मतदान तिथि 26 अप्रैल लिखी हुई है जिससे मतदाता मतदान करने के लिये अवश्य प्रेरित होंगे जनपद में पांच स्थानों पर हाइड्रोजन एयर बैलून लगाए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्कूलध् विद्यालयों में जगह जगह मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई जा रही है। और वॉल पेंटिंग सहित अन्य रचनात्मक माध्यमों से मतदाताओं के बीच चुनाव के पर्व, देश के गर्व को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिले के मतदाता अपने मतदान के अधिकार एवं कर्तव्य के विषय में जागरूक होकर मतदान करने का संकल्प ले रहे है।

निश्चित ही बड़ी संख्या में जिले के मतदाता वोट डालने जायेंगे और लोकतंत्र के पर्व में सहभागी बनेंगे। स्वीप तकनीकी टीम से अमन कुमार ने जानकारी दी कि स्वीप बागपत एप को 14 हजार से अधिक बार प्रयोग किया जा चुका है और लोग निरंतर इसका प्रयोग कर रहे है। एयर बैलून लॉन्चिंग के अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अपने लिए नहीं इंसानियत के लिए जिए: जगबीर शर्मा

### डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में किया छात्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।



नीलकंठ/युरेशिया

बड़ौत। नगर के डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में छात्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के के त्यागी, हिंदी के विद्वान् और प्रसिद्ध कवि जगवीर शर्मा व संतोष जवेलर्स के संचालक जिनेश जैन तथा जितेंद्र जैन ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जगवीर शर्मा के विद्या भारती के मेरठ,शामली व बागपत आदि जनपदों के मंडल निरीक्षक बनने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि प्रधानाचार्य जगवीर शर्मा ने छात्रों को सफलता की और अग्रसर होने के साथ साथ उन्हें अपना जीवन इंसानियत के लिए भी जीने के लिए प्रेरित किया। जगवीर शर्मा ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा की जो भी शिक्षा प्राप्त कर रहे है वो अपने लिए लिए वरन देश और विश्व के लिए प्राप्त करो। अपने लिए तो सभी जी रहे है इंसानियत के लिए जीने का प्रयास करे। उन्होंने कहा की सभी पर धरती माता का ऋण है यदि हम अपने कार्यों से देश सेवा मैं जुट जाये तो वह ऋण कुछ हद तक दूर हो सकता है। उन्होंने शिक्षकों से भी देश सेवा मैं जुटते हुए छात्रों को मनोयोगपूर्वक पढ़ने का आह्वान किया। जिनेश जैन ने माता-पिता और शिक्षकों से छात्रों को देश समाज के लिए अच्छे संस्कारो के साथ शिक्षा देने के लिए कहा। के के त्यागी ने बताया की छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा दे रही है जो आने वाले समय मैं अपनी प्रतिभा के बल पर देश सेवा मैं अपना अहम योगदान देंगे। इस अवसर पर सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

# श्री राम पब्लिक स्कूल दोघट में हुआ डे बोर्डिंग कक्षाओं का शुभारंभ

### डे बोर्डिंग कक्षाओं से अभिभावकों को बच्चों की समस्याओं से मिलेगी मुक्ति उपेंद्र चौधरी।



युरेशिया संवाददाता

दोघट। थाना क्षेत्र के श्री राम पब्लिक स्कूल दोघट में डे बोर्डिंग कक्षाएं प्रारंभ की गई है। जो कि जिला बागपत में पहली बार आयोजित की गई है जिनका शुभारंभ गुरुवार को विद्यालय में यज्ञ के साथ किया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने मिलकर हवन में आहुति दी, श्री राम ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर उपेंद्र चौधरी ने बताया कि आज के समय में सभी अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर परेशान है, तथा घर पर उचित शिक्षा अनुशासन व खेल की व्यवस्था समुचित नहीं हो पाती है, तथा बच्चे मोबाइल जैसी गलत संगति में पड़कर पढ़ाई बर्बाद कर रहे हैं। इन सभी समस्याओं से अभिभावकों को मुक्ति दिलाने के लिए जनपद बागपत में पहली बार विद्यालय श्री राम पब्लिक स्कूल दोघट में डे बोर्डिंग की व्यवस्था की गई है। जिसमें छात्र सुबह से लेकर शाम तक विद्यालय में रहकर ही शिक्षा अध्ययन करेंगे वहीं पर उनका होमवर्क व स्पोर्ट अकादमी के माध्यम से खेल संबंधी प्रतिभाओं को निखार कर उनका उचित मार्गदर्शन किया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। श्री राम पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ राजीव तोमर ने बताया कि अभिभावक अपने निजी कार्यों में इतना व्यस्त है कि अपने बच्चों पर उचित ध्यान नहीं दे पाता जिससे बच्चा पढ़ाई में पिछड़ जाता है विद्यालय के अंदर डे बोर्डिंग व्यवस्था होने पर बच्चों की पूर्ण पढ़ाई की जिम्मेदारी विद्यालय लेगा तथा बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।हवन समारोह में काउंसलर प्रदीप कुमार एडमिन कुमारी शैली तोमर रणपाल सिंह गौतम विवेक गीता नेहा मीनाक्षी सपना खुशी प्रियांशी आरव बदल विवेक विपिन आदि उपस्थित रहे।

# जयंत चौधरी के रोड शो में उमडा जन सैलाब छतों से हुई जयंत चौधरी के शक्तिरथ पर पुष्पवर्षा







नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी ने गुरुवार को छपरौली क्षेत्र के गांवो में शक्ति रथ पर सवार होकर गठबंधन प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में वोट मांगे। उनका यह रोड शो बड़ौत थाना क्षेत्र केच लोयन गांव से शुरू हुआ। 11रू35 पर यह रोड शो शुरू हुआ। सैकड़ो समर्थकों के काफिले के साथ उनका यह रोड शो लोयन से शुरू होकर सिनौली, नंगला, चन्दनहेड़ी, हलालपुर होते हुए छपरौली पहुँचा। जयंत चौधरी शक्ति रथ पर सवार होकर पूरे क्षेत्र में भ्रमण को निकले। जयंत चौधरी का शक्तिरथ जहां से निकलता, वहीं उनका जगह-जगह फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जिस भी गांव से उनका रोड शो निकलता, मकानों की छतों पर सवार महिलाएं व उनके समर्थक फूलों की बरसात करने लगते। जयंत चौधरी जिंदाबाद, नारे लगने शुरू हो जाते चलेगा नल खिलेगा कमल जैसे नारे सारे रोड शो में गूंजते रहे। एक किलोमीटर लम्बे इस रोड़ शो के कारण जाम की स्थिति भी बनी रही।गांवों में पहले से ही समर्थकों की भारी भीड़ फूल मालाएं लेकर सड़क किनारे खड़े हुए थे। शक्तिरथ पर जयंत चौधरी के साथ गठबंधन प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान, छपरौली विधायक डॉ अजय कुमार भाजपा जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा ले सभी : अजय गोयल

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। जिलेभर में शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल बागपत के प्रबंधक अजय गोयल ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर वर्ष 1888 ई को तमिलनाडू के तिरूतानी गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम सर्वपल्ली वीरा स्वामी तथा माता का नाम सीतम्मा था। इन्होंने काशी विश्वविद्यालय बनारस से शिक्षक के रूप में अपने कॅरियर की शुरूआत की और उसके बाद देश के राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया। डॉ राधाकृष्णन कई विषयों के ज्ञाता, दार्शनिक व शिक्षक भी थे। अध्यापन कार्य करते हुए डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन कई विश्वविद्यालयों के कुलपति रहे। वर्ष 1949 में सोवियत संघ में भारत के राजदूत बने। 10 वर्ष तक भारत गणराज्य के उपराष्ट्रपति और अन्त में 1962 से 1967 तक भारत गणराज्य के राष्ट्रपति रहे। सभी को राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## धूमधाम के साथ 23 अप्रैल को मनाई जाएगी हनुमान जयंती



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। गौरीपुर जवाहरनगर स्थित संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर एवं सिद्ध आश्रम में आगामी 23 अप्रैल को हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसको लेकर यहां पर तैयारियां पूरी जोर-शोर के साथ चल रही है।

मंदिर के संचालक धर्मवीर भगत जी व रणवीर सिंह ने बताया कि हनुमान जंयती के उपलक्ष्य में यहां पर चार दिवसीय कार्यक्रम 20 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। यहां पर रामायण पाठ, सुंदरकांड, हवन, पूजा-पाठ समेत कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। 23 अप्रैल को रामायण पाठ के समापन पर पूर्णाहुति होगी और उसके बाद विशाल भंडारा लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में यूपी, हरियाणा समेत दूर-दराज स्थानों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिरकत करेंगे। हनुमान जयंती कार्यक्रम को लेकर मंदिर की साफ-सफाई व साज-सज्जा शुरू कर दी गई है।


## मतदान है हमारा अधिकार, डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी



नीलकंठ / युरेशिया

बड़ौत। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित। राष्ट्रीय महामंत्री अंकित गुप्ता के निवास स्थान पर है आयोजित बैठक में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री चिराग गुप्ता, युवा इकाई में जिला महामंत्री प्रथम अग्रवाल व महानगर अध्यक्ष अर्पित जिन्दल को सम्मानित किया गया सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाकर फूल मालाओं द्वारा सम्मानित किया गया ।

बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में जो भी वैश्य प्रत्याशी हैं उसके लिए ही मतदान करें और उनको पूरा सहयोग करें। राष्ट्रीय महामंत्री अंकित गुप्ता ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य वैश्य एकता का परिचय देते हुए वैश्य समाज के प्रत्याशियों के लिए मतदान करें, संगठन के संस्थापक सदस्य अनुराग मांगलिक ने कहा कि जहां कोई वैश्य प्रत्याशी ना हो वहां सबसे साफछवि के प्रत्याशी के लिए मतदान करें। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल व संचालन अंकित गुप्ता ने किया। बैठक में सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, अमित गुप्ता , जयभगवान गर्ग, राजीव जैन, विकास गुप्ता आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए



## संपादकीय

### सेहत और बाजार
## स्वास्थ्य पेय के नाम पर भ्रामक प्रचार


संजय त्यागी 'महादेव'

यह विडंबना है कि देश में नियामक कानून न होने की वजह से अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां बच्चों की सेहत बनाने के दावे के साथ मुनाफे का कारोबार करती रही हैं। जिसमें बोर्नविटा और इसी तरह के बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय पदार्थ भी शामिल रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को हाल ही में निर्देश दिया है कि बोर्नविटा और इसी तरह के पेय पदार्थों को स्वास्थ्य पेय श्रेणी से हटाया जाए। निश्चित रूप से इस कदम से ऐसे उत्पादों को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल हुई है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच के बाद सामने आया था कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्वास्थ्य पेय की कोई आधिकारिक परिभाषा नहीं थी। जिसका फायदा कारोबारी कंपनियां अपने उत्पादों को स्वास्थ्यवर्धक बताकर उठाती रही हैं। कैसी विडंबना है कि जिस उत्पाद को कंपनियां स्वास्थ्यवर्धक बताकर वर्षों तक अभिभावकों से मुनाफा कमाती रही, वही उत्पाद बच्चों के लिये स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी पेश करता रहा है। वहीं दूसरी ओर इसी महीने की शुरुआत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खुलासा किया था कि डेयरी, अनाज या माल्ट आधारित पेय पदार्थों को स्वास्थ्य या ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के रूप में लेबल नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्यवर्धक व ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के नाम पर बड़ा गोरखधंधा होता रहा है। साथ ही स्वास्थ्यवर्धक पेय के नाम पर अतिरिक्त कीमत वसूली जा रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की सार्थक पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तथा उपभोक्ताओं के दोहन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। निश्चित रूप से तंत्र की काहिली और निगरानी करने वाले विभागों की मिलीभगत से यह खेल दशकों से बदस्तूर जारी था। देर से ही सही, तंत्र ने उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिये पहल की और विश्वास किया जाना चाहिए कि अन्य मामलों में भी उपभोक्ता हितों को बढ़ावा दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्यवर्धक बताकर बेचा जा रहा बोर्नविटा तब विवादों में घिर गया था जब इसके पोषण संबंधी दावों, खासकर इसमें मौजूद चीनी की मात्रा के बाबत सवाल पूछे गए थे। इस विवाद ने ही कालांतर ऐसे एनर्जी ड्रिंक्स की हकीकत का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत बतायी। सवाल उठे कि कैसे ऐसे उत्पादों की बिक्री और लेबलिंग की जा रही है। हालांकि, बोर्नविटा ने इस प्रतिक्रिया और विवाद के बाद अपने उत्पाद में चीनी की मात्रा को घटाया था। लेकिन भ्रामक आधार पर स्वास्थ्यवर्धक की लेबलिंग के मुद्दे ने पूरे उद्योग जगत को अपने निशाने पर ले लिया। उल्लेखनीय है कि बाजार में 'एनर्जी ड्रिंक' शब्द विशेष रूप से कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड दोनों तरह के स्वाद वाले पानी आधारित पेय पदार्थों को संदर्भित करता है। विडंबना यह है कि इन पेय पदार्थों को अकसर स्वास्थ्य पेय के नाम पर बाजार में उतारा जाता है और सामान्य पेय पदार्थों की तुलना में इनकी कीमत अधिक रखी जाती है। जबकि इन पेय पदार्थों में चीनी की अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिये गंभीर चुनौती पैदा करती है। खासकर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। जिसमें छोटी उम्र में मोटापा, मधुमेह और दांतों से जुड़े कई रोग पैदा हो सकते हैं। दरअसल, देश में इन उत्पादों को लेकर नियामक दिशानिर्देश के अभाव से इस समस्या को विस्तार मिला है। जिसके चलते उपभोक्ता भ्रामक विज्ञापनों के जाल में फंस जाते हैं।

## नेताजी के जुलूस के रास्ते में काली बिल्ली
### तिरछी नजर

डॉ. प्रदीप मिश्र

ज्ञानी बताते हैं कि, 'काली बिल्ली यदि रास्ता काट जाए तो फिर कार्य स्थगित करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होता!'

यही बात हुई। नेताजी अपने प्रशंसकों समेत, चुनाव का पर्चा डालने निकल रहे थे। जीता-जिताया कंडीडेट था। नारे लग रहे थे, समर्पित समर्थक झूम रहे थे। गुंडों की चतुरंगिणी सेना साथ थी। ऐसे जननायक की जीत, कौन रोकेगा?

जुलूस, कुछ दूर ही गया कि एकदम काली, एक बिल्ली रास्ता काट गई। नाचते-थिरकते सारे कदमों में, इमरजेंसी ब्रेक लग गया। चारों तरफमुर्दनी छा गई। श्मशानी माहौल में, यह सवाल सबकी जुबां पर था कि, 'इतना बड़ा अपशकुन? 'पंडित जी तत्काल तलब किए गए। स्थिति गंभीर थी, इसलिये पंडित जी गंभीर हुए। कार के बोनट पर पत्रा बिछा लिया। समय व्यतीत हो रहा था। नेताजी व्यग्र होकर, बार-बार पूछ रहे थे कि, 'गुरुजी, अब क्या ? कोई रास्ता निकालिए। '

विपक्षी पार्टी का लीडर, जिसकी जुबान अब तक दबी हुई थी, उसे चिंघाड़ने का मौका लगा था। नेताजी पर्चा भरेंगे नहीं, अब तो विपक्ष को जीतने से कौन रोकेगा? पंडितजी परेशान दिख रहे थे। पंडित जी, पोथियां पलटने में लंबा समय लगा रहे थे। वास्तव में उन्हें भी कुछ समझ नहीं पड़ रहा था। पर्चा भरने का वक्त नजदीक आता जा रहा था। हारके, उन्होंने 'प्रायश्चित' कहानी का स्मरण किया और सोने की बिल्ली तुरंत बनवाने का नुस्खा देते हुए कहा, ' और यदि बिल्ली न बन सके तो बाजार भाव के मुताबिक उसकी कीमत, इंडियन करंसी में तत्काल उन्हें दान में देने से, काली बिल्ली के मार्ग काटने से उत्पन्न कंटक, गारंटीड कट जाएंगे3।'

पंडितजी के मुंह से बात निकलनी थी कि मुत्तन गुरु ने ब्रीफकेस खोल दिया। नेताजी, पंडितजी को एक लमसम अमाउंट थमाते हुए बोले,'पंडितजी, अब आगे बढ़ें! अनुमति है?'

'बिल्कुल, शुभश्य शीघ्रम ?़ यजमान! किंतु यदि वह काली बिल्ली मिल जाती, तो उसे गंगा-जल से स्नान कराके, प्राप्तजल का छिड़काव आप पर कर दूं तो हंड्रेड वन परसेंट दोष मिट जाएंगे और विजयश्री आपका आलिंगन करेगी।'

आनन-फानन में बिल्ली को पकड़ के लाया गया। वह अत्यंत सहमी हुई थी। पंडितजी, उस काली बिल्ली को नहला रहे थे।

चमत्कार! अद्भुत चमत्कार! बिल्ली को नहलाने पर वह काला रंग छोड़ रही थी। अंत में पता चला वह बिल्ली नहीं, नए जमाने वाला बिल्लीनुमा कुत्ता था, जिसे नेताजी के विरोधियों ने काले रंग से रंगकर, नेताजी के जुलूस के रास्ते में छोड़ दिया था।

जुलूस, फिर से जीवंत हो उठा और धूम-धड़ाके के साथ गंतव्य की ओर बढ़ चला। पंडित जी, एसी कार में बैठे उस घड़ी को कोस रहे थे, जिसमें बिल्ली को नहलाने की बात उन्होंने सोची थी?

### कविता
## लोकतंतर रो उछब



लोकतंतर रै उछब री
या ही तो सबसे बड़ी हिस्सेदारी से
सगळा मतदान देवला
या थाकीं म्हांकी जिम्मेदारी छै
सरकार तो थाकैं म्हाकैं
अमूल्य मतदान सू हीं बनवाली छै
लोभ लालच में अबकें थै मत आज्यों
दिल खोल के सच्चे उम्मीदवार नै
जीतवाज्यों,
लोग लुगाईयां टावर-टिंगर सगळा
मतदान देवें जास्यो,
देश रा जिम्मेदार नागरिक
होंणे रों फर्ज थें खूब निभास्यो
लोकतंतर रै उछब री
या ही तो सबसे बड़ी हिस्सेदारी से
सगळा मतदान देवला।

डॉ. कांता मीना
शिक्षाविद् एवं साहित्यकार

# बुद्धिहीन उपभोक्तावाद की आसक्ति से नहीं मिलेगी खुशी

अविजित पाठक



हालांकि हम लोग एक भयावह रूप से हिंसाग्रस्त विश्व में जी रहे हैं, वह जिसमें लगातार होने वाले युद्ध, सैन्यीकरण, नए किस्म का अधिनायकवाद, बढ़ती आर्थिक असमानता, पर्यावरण संकट और सामाजिक कारणों से बना मानसिक संताप इसका चरित्र बन गया है। और मानो इन सबके बीच 'खुशी' ढूंढ़ना एक अनन्त खोज बन गई है। आधुनिक काल में, हमें गुणा-भाग वाली सूक्ष्मता से प्यार हो गया कि तुर्रा यह कि खुशी जैसे उच्च गुणवत्तापूर्ण और आत्मनिष्ठ अनुभव को भी हमने नापने-तोलने की चीज बना डाला है। हर साल, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास उपाय नेटवर्क एक सूची जारी कर, विभिन्न मुल्कों का पदानुक्रम तय करता है जो उसके हिसाब से मापने लायक 'खुशी सूचकांक' पर आधारित हैदृ इस निर्धारण में सकल घरेलू उत्पाद, आयु दीर्घता, राजकीय कामकाज दक्षता, स्वतंत्रता, सामाजिक संबल (परोपकारी व्यवहार) को गिना जाता है। जहां फिनलैंड पिछले सालों की भांति 'सबसे खुश' देश है वहीं विश्व खुशी रिपोर्ट-2024 में भारत का स्थान 143 देशों में 126वां है।

खैर, मैं इस किस्म की रिपोर्ट के गुण-दोषों को पूरी तरह खारिज भी नहीं करता। बेशक, एक उचित मात्रा में सामाजिक सुरक्षा, राज्य द्वारा चलाई जाने वाली सामाजिक भलाई नीतियां, अच्छी मेडिकल सुविधाएं, रोजगार उपलब्धता, संवाद की मौजूदगी वाला समाज और राजनीतिक स्वतंत्रता रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ हद तक संतोष पैदा करते हैं। तथापि, यहां यह अहसास भी उतना ही जरूरी है कि 'शुद्ध खुशी' जैसी कोई चीज नहीं हो सकती, क्योंकि उल्लास के हमारे सबसे बढ़िया लम्हे और संतोष भी कुछ हद तक आशंका से जुड़े होते हैं, मसलन, जो कुछ हमारे पास है उसे खोने का डर, चाहे यह भौतिक संपदा, शरीर की तंदुरुस्ती हो या फिर प्रियजनों का साथ छूटने का भय। ताजिंदगी हम 'सम्पूर्ण खुशी' के पीछे भागते रहते हैं, लेकिन फिर भी यह हाथ नहीं आती। कोई हैरानी नहीं कि हमारे इस काल में जीवन जीने का ढंग सिखाने वाले, प्रेरणास्पद भाषणकर्ता और आध्यात्मिक बाबाओं की कोई कमी नहीं, जो बारम्बार हमें एक खास तकनीक पर चलने की सीख देते हैं, मसलन, समाधि अभ्यास, श्वास साधक व्यायाम, सचेतन होना इत्यादि दृ'खुश' व 'सफल' होने के मकसद हेतु।

लेकिन फिर, यह समझना चाहिए कि खुशी की प्राप्ति कैप्सूल खाने जैसा एक त्वरित उपाय नहीं है, जिसकी खुराक किसी स्व-सहायता पुस्तक या आश्रम अथवा मठ के विशेष सत्रों में भाग लेकर मिले। तथ्य तो यह है कि यदि सच में हम एक आडम्बरहीन, शांतिपूर्ण और संतोष से परिपूर्ण दुनिया की ओर बढ़ना चाहते हैं तो हमें स्व और दुनिया अथवा राजनीति और अध्यात्म के बीच पुल बनाना होगा। उदाहरणार्थ, जरा सोच कर देखिए, जो व्यक्ति भूख, कुपोषण और सिर पर छत न होने से बेहाल है उसको संचेतना सिखाने की बेवकूफी (बुरे अनुभवों से बने संताप या अस्थिर भविष्य की आशंका को नजरअंदाज कर वर्तमान में जीने की समर्था बनाए)। या फिर उस मानसिक हिंसा के बारे में सोचिए जो एक बेरोजगार युवा के मानस पर चोट करती है, जब नौकरी पाने में कंपनी दर कंपनी से अस्वीकृति झेलनी पड़े, तिस पर आप उसे सबसे अधिक बिकने वाली स्व-सहायता किताब 'मैं ठीक हूं- आप ठीक हैं' जैसी कोई पुस्तक पढ़ने को कहें ताकि 'अच्छा' और 'सकारात्मक' महसूस का भ्रम पाले। यह ठीक उतना ही बेवकूफाना है जब किसी बेघर को या जो पहले से झुग्गी में रह रहा है, उसे न्यूनतम साधनों में जीवन जीने का प्रवचन दिया जाए। राजनीतिक व आर्थिक असमानता की नींव को बदले बिना हम अ गैर-बराबर व शोषण करने वाली दुनिया को बदलकर संतोष की ओर नहीं बढ़ सकते।

इसी प्रकार जैसा कि 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' बताती है कि भारतीय युवाओं में 83 प्रतिशत बेरोजगार हैं या जब 'द राइज ऑफ बिलिनियर्स राज' नामक शोध-पत्र कहे कि भारत के चोटी के 1 फीसदी अमीरों के हाथ में 40 प्रतिशत आम लोगों के बराबर सरमाया है, तो एक आम भारतीय को महसूस हो रहे संताप, भय और आशंका का अंदाजा लगाना कठिन नहीं। भले ही हमारे पास हजारों की संख्या में बाबा, गुरु और स्व-सहायता सिखाने वाले हों, जो मोक्ष प्राप्ति की जुगत के तौर हमें नाना किस्मों की घुट्टी पिलाते हैं, तथापि अलफ सच्चाई है कि हमारा देश नाखुश मुल्क है। संभवतः हमारे समाज में राजनीतिक-आर्थिक पुनर्संरचना किए बिना हम वैसा सामाजिक परिवेश नहीं बना सकते, जो यथेष्ट संतोष से परिपूर्ण लोगों की तरक्की अनुकूल हो।

ऐसा नहीं है कि मुझे अर्थपूर्ण, सतत और करुणामय जीवन के लिए आत्मविश्लेषण या अंदरूनी शांति के महत्व से इंकार है। जहां उचित मात्रा में आर्थिक सुरक्षा और राजनीतिक स्वतंत्रता हमारे रोजमर्रा के जीवन को कुछ आरामदायक बनाती है वहीं हम एक अधिक अर्थपूर्ण और शांतिपूर्ण वजूद की ओर नहीं बढ़ सकते, जिसके बिना मैं जीवन को धर्मनिष्ठ नहीं कह सकता। उदाहरणार्थ, यह धर्मनिष्ठा जीवन जीने के ढंग में, गैर-उपभोक्तावाद अवस्था की कला विकसित करने के बारे में हैं। भोजन, आवास, जीवन-पुष्ट शिक्षा, राजनीतिक स्वतंत्रता और विरक्ति न बनाने वाले काम जैसी मूलभूत जरूरतों को लालच के वायरस के मोहपाश में जा फंसने से अलहदा कर पहचानना होगादृ वह लालच जिसका बाजार-चालित समाज ने सामान्यीकरण कर दिया है।

हां, उस समाज में कभी खुशी नहीं हो सकती जो नवउदारवादी बाजार द्वारा उत्पादित नित नए फैशनों या नई वस्तुओं के प्रति बुद्धिहीन उपभोक्तावाद या निरंतर बढ़ती आसक्ति के सिद्धांत को मान्यता दे। लालसा की यह प्रवृत्ति शांति और धीरज को भंग करती है। इसकी बजाय व्यक्ति में ईर्ष्या, अशांति और पीछे छूट जाने का भयंकर डर बनाती है। इसी प्रकार, दूसरों से जुड़े रहने वाले स्व को विकसित करने की कला भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैदृ वह स्व जिसे दिखने में साधारण से कामों में भी बहुत आनंद मिलता होदृ जैसे कि दोस्तों से बिना स्वार्थ मिलना या पहाड़ी इलाके में सैर और प्रकृति की अनंतता की झलकी का अनुभव करना। यह बेशक साधारण लगे लेकिन फिर भी सर्जनात्मकता के अतिरेक से लबरेज होती है, वह जो हमें निरंतर ललचाने और बहकाने वाली बाजारीकरण संस्कृति से उपजी मिथकीय 'सफलता' या 'अति उत्तम और खुशी' वाली जिंदगी की मरीचिका से पीछे भागने की लालसा से मुक्त रहने में मददगार होती है।

जीवन की धर्मनिष्ठा को जरूरत है हमारे अस्तित्व में अंतर्निहित उदासी को अंगीकार करने के साहस की। यह 'सब कुछ हमारे बस में नहीं' को स्वीकार करने जैसा है। जो कुछ हम थामकर रखना चाहते हैं वह चलायमान और अस्थाई है। बिना पूर्व सूचना घटित अकल्पनीय दुर्घटनाएं और शोकाकुल प्रसंग हमारे अस्तित्व को झिंझोड़ सकते हैं, मौत की सच्चाई से कोई नहीं बच सकतादृ जो कि हमारे फुलाए अहम की व्यर्थता की अंतिम परिणति है। संभवतः यह अहसास, हमें कटु बनाने की बजाय, आंसुओं से भरे इस लौकिक अस्तित्व से गुजरने में समर्थ बनाता है।

# कई आशंकाओं से भरा खतरनाक रास्ता!

### स्कूल वाहनों के हादसे

पंकज चतुर्वेदी



हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में सड़क हादसे में ६ बच्चों की मौत हो गई। १५ से अधिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। चूंकि माहौल चुनाव का है सो प्रधानमंत्री से लेकर विधायक तक सक्रिय हो गये। कुछ कार्रवाई होती भी दिख रही है। जो बस सड़क पर चल रही थी, उसका अनफिट होने के कारण एक महीने पहले भी १५ हजार का चालान हुआ था। सब जानते थे कि बस चलाने वाला शराब पिए है और उसकी ड्राइविंग बेलगाम थी, इसके बावजूद बस सड़क पर चलती रही। अभी इस दुर्घटना के बाद सड़कों पर बसों की जांच और चालान की औपचारिकता चल ही रही थी कि यमुनानगर में स्कूली बच्चों से भरा एक तिपहिया पलट गया, जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई। सात बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। जो वाहन महज तीन सवारी के लिए परमिट प्राप्त है, उसमें १२ से अधिक बच्चे भरे थे। सड़क पर चलने के लिए नाकाबिल वाहन, क्षमता से अधिक बच्चे, बेतहाशा गति, अकुशल चालकदृ स्कूल जाने वाले बच्चों को लाने ले जाने में लिप्त वाहनों के मामले में सारे देश की यही एक-सी तस्वीर है।

दिल्ली के वजीराबाद पुल पर लुडलो केसल स्कूल की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर २८ बच्चों की मौत के बाद सन ?़ १९९७ में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूली बसों के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे। इसके अनुसार स्कूल बस पीले कलर की होनी चाहिए। इसके साथ ही उस पर स्कूल बस जरूर लिखा होना चाहिए। बस में फर्स्ट-एड बॉक्स होना जरूरी है और बस की खिड़की में ग्रिल लगी होनी चाहिए। इसके साथ ही बस में आग बुझाने वाला यंत्र भी लगा होना चाहिए। स्कूल बस पर स्कूल का नाम और टेलीफोन नंबर भी होना चाहिए। यही नहीं, दरवाजों पर ताले लगे हों और बस में एक अटेंडेंट भी हो। सबसे बड़ी बात कि अधिकतम स्पीड ४० किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए। यह निर्देश दिल्ली में ही हवा-हवाई हैं।

और अब तो स्कूल पहुंचने की राह में बड़ा खतरा ओमनी वैन हैं जिसमें अतिरिक्त सीटें लगा कर क्षमता से दोगुने नहीं तीन गुणा अधिक बच्चे बैठना, उनकी अंधाधुंध स्पीड और सबसे अधिक उसके चालकों का संदिग्ध व्यवहार नए किस्म का खतरा है। देश में आए रोज बच्चों के यौन शोषण में ऐसे वाहन चालकों की संलिप्तता सामने आती है। बसों के मामलों में तो स्कूल को जिम्मेदार बना दिया जा सकता है लेकिन वैन में ओवर लोडिंग, दुर्व्यवहार और दुर्घटना होने पर स्कूल हाथ झटक कर अलग हो जाते हैं। बीते कुछ सालों में बैटरी चालित रिक्शा स्कूल की राह का एक खतरनाक साथी बना है। इसमें बेशुमार संख्या में बच्चों को भरना, प्रतिबंधित या तेज गति के वाहनों वाली सड़क पर संचालन करना और अनाड़ी चालक होने के कारण इनके खूब एक्सीडेंट हो रहे हैं।

बीते कुछ सालों में विद्यालयों में बच्चों का पंजीकरण बढ़ा है। स्कूल में ब्लैक बोर्ड, शौचालय, बिजली, पुस्तकालय जैसे मसलों से लोगों के सरोकार बढ़े हैं, लेकिन जो सबसे गंभीर मसला है कि बच्चे स्कूल तक सुरक्षित कैसे पहुंचें? इस पर न तो सरकारी और न ही सामाजिक स्तर पर कोई विचार हो पा रहा है। इसी की परिणति है कि आए रोज देशभर से स्कूल आ-जा रहे बच्चों की जान जोखिम में पड़ने के दर्दनाक वाकिये सुनाई देते रहते हैं। परिवहन को प्राय: पुलिस की ही तरह खाकी वर्दी पहनने वाले परिवहन विभाग का मसला मान कर उससे मुंह मोड़ लिया जाता है। दरअसल बढ़ते पंजीकरण को देखते हुए बच्चों के सुरक्षित, सहज और सस्ते आवागमन पर जिस तरह की नीति की जरूरत है, वह नदारद है।

निजी स्कूलों में हजारों बच्चे पढ़ते हैं, स्कूलों की अपनी बसों की संख्या सीमित हैं, औसतन १०००-१५०० बच्चे इनसे स्कूल आते हैं। शेष का क्या होता है? यह देखना रोंगटे खड़े कर देने वाला होता हैं। पांच लोगों के बैठने के लिए परिवहन विभाग से लाइसेंस पाए वैन में १२ से १५ बच्चे ठुंसे होते हैं। बैटरी रिक्शे में दस बच्चे 'आराम' से घुसते हैं। दुपहिया पर बगैर हैलमेट लगाए अभिभावक तीन-तीन बच्चों को बैठाए रफ्तार से सरपट होते दिख जाते हैं। रोज एक्सीडेंट होते हैं, क्योंकि यही समय कालोनी के लोगों का अपने काम पर जाने का होता है।

ऐसा नहीं है कि स्कूल की बसें निरापद हैं, वे भी ५२ सीटर बसों में ८० तक बच्चे बैठा लेते हैं। यहां यह भी गौर करना जरूरी है कि अधिकांश स्कूलों के लिए निजी बसों को किराए पर लेकर बच्चों की ढुलाई करवाना एक अच्छा मुनाफे का सौदा है। ऐसी बसें स्कूल करने के बाद किसी रूट पर चार्टेड की तरह चलती हैं। तभी बच्चों को उतारना और फिर जल्दी-जल्दी अपनी अगली ट्रिप करने की फिराक में ये बस वाले यह ध्यान रखते ही नहीं है कि बच्चों का परिवहन कितना संवेदनशील मसला होता है।

इस दिशा में सबसे पहले तो विद्यालय से बच्चे के घर की दूरी अधिकतम तीन से पांच किमी का फार्मूला लागू करना चाहिए। स्कूल का समय सुबह १० बजे से करना, सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करना, प्रयुक्त वाहनों में ओवरलोडिंग या अधिक रफ्तार से चलाने पर कड़ी सजा का प्रावधान करना, असुरक्षित साधनों के लिए कड़े मानदंड तय करना समय की मांग है।

# शाब्दिक ईमानदारी से ही सार्थक होगा लोकतंत्र

विश्वनाथ सचदेव

चुनाव प्रचार का पहला चरण समाप्ति पर है। मतदाता तक पहुंचने, उसे लुभाने का हरसंभव प्रयास हो रहा है। चुनाव में ऐसा ही होता है। कभी न पूरे होने वाले वादे और सच्चाई से कोसों दूर के दावे इस प्रचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सत्तारूढ़ दल समेत कोई भी दल प्रचार की इस मुहिम में पीछे नहीं रहना चाहता। सच तो यह है कि एक होड़-सी मची हुई है राजनीतिक दलों में। हर दल अपनी कमीज को दूसरे की कमीज से उजला बता रहा है। ऐसा नहीं है कि मतदाता राजनेताओं के इस दांव को समझ नहीं रहा। बरसों-बरस का अनुभव है उसके पास इस प्रचार-तंत्र की करतूतों का। राजनीतिक दल भी मतदाता की इस जानकारी से अनभिज्ञ नहीं हैं। इसके बावजूद वे बरगलाने की अपनी कोशिशों से बाज नहीं आते। इसका कारण शायद यही है कि मतदाताओं की एक बड़ी संख्या आखिरी समय पर निर्णय लेती है। वे मुंडेर पर बैठे हैं। आखिरी समय पर बाएं भी उतर सकते हैं, दाएं भी। प्रचार-कार्य में लगे राजनेताओं की नजर मुख्यतः इन्हीं मतदाताओं पर होती है।

इसी से जुड़ी एक बात यह भी है कि कभी-कभी मतदाता मिथ्या दावों और झूठे वादों की चपेट में आ भी जाता है। जनतंत्र की सफलता और सार्थकता का एक मापदंड यह भी है कि कितने मतदाता ऐसे हैं जो प्रचार की इस आंधी में स्वयं को उड़ने से बचाये रख पाते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस देश के मतदाता ने अक्सर अपने विवेक का परिचय दिया है, राजनेताओं के प्रचार का शिकार बनने से इनकार किया है। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी की सरकार का तख्ता जिस तरह से पलटा, या फिर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार का 'इंडिया शाइनिंग' वाला नारा जिस तरह मतदाता पर कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया वह इस बात का प्रमाण है कि मतदाता को हमेशा नहीं बरगलाया जा सकता।




चुनाव के समय राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणापत्र जारी करते हैं। भाजपा और कांग्रेस, दोनों बड़े दलों के वादों-दावों वाले घोषणापत्र जारी किये जा चुके हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र को 'न्याय-पत्र' कहा है और भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प-पत्र' कहते हुए 'मोदी की गारंटियों' की बात कही है। होना तो यह चाहिए कि इस तरह के घोषणा पत्र आखिरी समय में नहीं, चुनाव से काफी पहले जारी होते, ताकि मतदाता उन पर विचार करके राजनेताओं से हिसाब मांग सके। सत्तारूढ़ दल से पूछ सके कि पिछले घोषणापत्रों की कितनी बातों को पूरा किया गया और सत्ता के आकांक्षी दल से उसके वादों के पूरा होने के आधार के बारे में जवाब-तलब कर सके। पर, दुर्भाग्य से, ऐसा कुछ होता नहीं। घोषणा पत्र जारी जरूर होते हैं, पर उपेक्षित पड़े रहते हैं। चुनाव-प्रचार का सारा जोर अपने विरोधी पर आरोप लगाने पर ही होता है। आरोपों के इस शोर में वे बुनियादी बातें कहीं खो-सी जाती हैं, जो मतदाता के निर्णय का आधार होनी चाहिए।

उदाहरण के लिए सत्तारूढ़ दल के घोषणा पत्र में आने वाले 25 सालों के बाद के 'विकसित भारत' की बात तो कही गई है, पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई जैसे हमारे आज को प्रभावित करने वाले मुद्दे कुल मिलाकर कहीं गायब ही हैं। प्रधानमंत्री मोदी यह 'गारंटी' तो देते हैं कि 2047 का भारत विकासशील नहीं विकसित देश होगा, पर यह नहीं बताते कि आज के युवा की बेरोजगारी की समस्या कैसे हल होगी। मतदाता महंगाई की मार से कैसे उबरे? भाजपा के घोषणा पत्र में आने वाले पांच साल तक 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज देने का वादा तो किया गया है, पर यह नहीं बताया गया कि उन कारणों से कैसे निपटा जायेगा जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज मांगने की स्थिति में लाने के लिए उत्तरदायी हैं? देश में कोई भूखा न रहे, यह बात आश्वस्त करने वाली है, पर भुखमरी की यह स्थिति आयी कैसे, इस सवाल का जवाब भी मिलना चाहिए। जवाब उन सवालों का भी पूछा जाना चाहिए जो पिछले घोषणा पत्रों में कही गयी बातों के पूरा न होने से उठते हैं।

जिस तरह के सवाल सत्तारूढ़ दलों से पूछे जाने चाहिए वैसे ही सवाल सत्ता के आकांक्षियों के लिए भी हैं। उन्हें भी यह बताना होगा कि उनके वादे क्यों स्वीकारे जाएं अथवा उनके दावों पर क्यों विश्वास किया जाये। घोषणा पत्र कागज के टुकड़े नहीं होते, उनकी पवित्रता की रक्षा होनी चाहिए, और यह उनका दायित्व बनता है जो वादे करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के संदर्भ में कहा है कि कांग्रेस के नेताओं में शब्द के प्रति प्रतिबद्धता नहीं है, कोई जिम्मेदारी भी नहीं है। सच तो यह है कि चुनावी घोषणा पत्रों में जो कुछ कहा जाता है और चुनावी सभा में जो कुछ घोषणाएं की जाती हैं, वे कुल मिलाकर शब्दजाल ही बनी रह जाती हैं। हमारे नेता, चाहे वे किसी भी दल के क्यों न हों, नारों के बल पर चुनाव जीतना चाहते हैं। वह भूल जाते हैं कि 'गरीबी हटाओ' का नारा अंततः सिर्फनारा बनकर रह गया था और इसी तरह 'शाइनिंग इंडिया' की कथित चमक भी मतदाता को लुभा नहीं पायी थी। मतदाता शब्दों में विश्वास करना चाहता है, नेताओं के शब्दों में भी यह विश्वास झलकना चाहिए। ईमानदार राजनीति तभी आकार ले सकती है।

जहां तक घोषणा पत्रों में विश्वास का सवाल है, अक्सर इन चुनावी घोषणा पत्रों में लोक लुभावनकारी दावों और वादों की भरमार होती है। जो मुद्दे इनमें उठाये जाते हैं अक्सर वे हकीकत बयान नहीं करते। सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ डेवलपिंग सोसायटी (सीएसडीएस) के एक हालिया सर्वेक्षण में बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा माना गया है, जबकि हमारी राजनीति में आज भी हिंदुत्व मुख्य मुद्दा बताया जा रहा है। सत्तारूढ़ पक्ष के नेता अपनी चुनावी सभाओं में इस बात को लगातार दुहरा रहे हैं कि कांग्रेस के नेताओं ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया था!

यह बात यहीं खत्म नहीं होती। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के अवसर पर जारी किये गये घोषणा पत्र उनकी विचारधारा और वचनबद्धता का वचन पत्र होते हैं। यदि किसी घोषणा पत्र में कहा गया था कि किसानों की आय दुगनी की जायेगी, हर साल दो करोड़ नौकरियां दी जायेंगी तो मतदाता को यह पूछना होगा कि इस वादे का क्या हुआ? अथवा काला धन स्विस बैंकों से लौटा क्यों नहीं? जब कोई राजनेता इन दावों और वादों को 'चुनावी जुमला' कहकर बच निकलना चाहता है तो मतदाता के मन में यह सवाल उठना ही चाहिए कि शब्द की पवित्रता कहां गयी? यह विडंबना ही है कि ऐसा कहने के बावजूद संबंधित राजनेता से यह क्यों नहीं पूछा जाता कि मतदाता के साथ ऐसा मजाक क्यों?

अपने हालिया इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने शब्दों के सम्मान की बात कही है। सही कहा है उन्होंने। शब्द पवित्र होते हैं, हमारी नीयत को उजागर करते हैं। राजनेता यदि शब्दों का अपमान करते हैं तो उन्हें कठघरे में खड़ा करना होगा। तभी जनतंत्र की सार्थकता प्रमाणित होगी।

## एक नजर..

## कोचिंग जा रही छात्रा से दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल छीना



शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। कोचिंग जा रहीं छात्रा से बाइक सवार ने छिना मोबाइल पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से बाइक सवार बदमाश की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार गांव सुवाखेड़ी निवासी छात्रा आंचल तथा ज्योति गुरुवार दोपहर 2बजे के बाद कोचिंग के लिए अम्बाला रोड़ स्थित चमन कुटीर कोचिंग सेंटर जा रही थी। जैसे ही पंजाबी मौहल्ला रामविहार के पास पहुंची, पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाश ने ( आँचल सुपुत्री महेंद्रक) हाथ से मोबाइल छीन लियाऔर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि बदमाश स्प्लेंडर बाइक पर हरे रंग की टीशर्ट पहने था। पूरी घटना पास ही एक घर के सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर बदमाश की तलाश कर रही है।

## फतेहपुर पुलिस ने एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

सुनील सैनी /युरेशिय




छुटमलपुर। थाना फतेहपुर पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना फतेहपुर टीम ने एक शातिर शराब तस्कर अभियुक्त वेदपाल उर्फसोनू पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम नौगांव थाना मिर्जापुर सहारनपुर को शिव कॉलोनी चौकी क्षेत्र बड़ा कला के पास से गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 20 पाउच देशी शराब बरामद हुई गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सौरभ कुमार, हे0का0 रोहित राणा शामिल रहे।

# पुलिस ने अवैध हथियारों के सौदागरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

मनोज कंबोज/युरेशिया



बिहारीगढ़। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुखबिर की सटीक सूचना पर बिहारीगढ़ पुलिस ने 17 अप्रैल की रात्रि को सुंदरपुर के समीप सर्विस रोड पर गस्त के दौरान तीन व्यक्तियों को अपनी ओर आता देखा तो पकड़े जाने के डर से यह लोग पुलिस पर फायर कर भागने लगे लेकिन पुलिस ने खुद को बचाते हुए दोनो शातिर अपराधी इलियास पुत्र मंजूर हसन निवासी कल्लणहेडी थाना बड़ागांव व मोनू पुत्र फूल सिंह निवासी अम्बेहटा जिला सहारनपुर को धर दबोचा अभियुक्तों के पास से अवैध हथियार सात देसी तमंचे 315 बोल 01 देशी राइफल 6 जिंदा कारतूस दो खोखे व दो मोबाइल बरामद किए। पूछताछ में दोनों अभिक्तों ने बताया हम लोग लंबे समय से हथियारों की तस्करी कर रहे हैं हम फोन के माध्यम से हथियारों को बेचते हैं। दोनों अपराधियों का अपने-अपने थाना क्षेत्र में लंबा आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष विनोद सिंह उप निरीक्षक योगेंद्र चौधरी उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल विनीत हुड्डा सर्विस लाइन सेल हेड कांस्टेबल मोहित कुमार सर्विस लाइन सेल के साथ अन्य स्टाफमौजूद रहा।

# लोकतंत्र के महापर्व में करें शत-प्रतिशत सहभागिता - डीईओ

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने गुड खिलाकर और गुड-चना की किट देकर पोलिंग पार्टियों को किया रवाना

### डॉ0 दिनेश चन्द्र निरंतर करते रहे मार्गदर्शन

### मतदान केन्द्रों पर रहेगी बेहतर भोजन एवं शीतल जल की व्यवस्था

### गडबडी फैलाने वालों के विरूद्ध सख्ताई से पेश आया जाए-डॉ0 दिनेश चन्द्र

मोनू कश्यप /युरेशिया

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय मतदान दल डयूटी आवंटन प्रदर्शन, उपस्थिति सुविधा, बूथवार सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान दलों के लिए सुविधा, मतदान कर्मियों के लिए पेयजल, कैंटीन, शौचालय की सुविधा, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, अधिकारियों के शिविर आदि व्यवस्थाओं को देखकर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होने बताया कि पोलिंग पार्टी के रवानगी के अवसर पर परम्परागत मिष्ठान गुड के साथ ही चना एवं मतदान कार्य में लगे कार्मिकों के लिए बेहतर खाने की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर प्राथमिक विद्यालयों में रसोईयों के माध्यम से बेहतर भोजन की व्यवस्था की गयी है। माध्यमिक तथा इंटरमीडिएट कॉलेजों में एनजीओ तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा शुद्धता, स्वच्छता तथा स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गयी है जिससे मतदान कार्मिकों को किसी भी प्रकार से समस्याओं का सामना न करना पडे।

डॉ0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि जनपद सहारनपुर में लोकतांत्रित मूल्यों की सुदृढता के लिए यहां के निर्वाचक बहुत ही सतर्क और सहज है। उन्होने सभी मतदान कार्मिकों का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होने कहा कि सघन प्रशिक्षण के बाद आज मतदान कार्मिकों को रवाना किया गया है। कार्मिकों की सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। उन्होने कहा कि 07 विधानसभाओं में 2708 बूथों के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने वोट का प्रयोग अवश्य करें। दिव्यांग, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा की गयी है। बुजुर्गों को सम्मान व सुविधा के साथ मतदान करने की व्यवस्था की गयी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 07:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक संबंधित मतदेय स्थलों पर मतदान सम्पन्न कराया जायेगा जिसके लिए पोलिंग पार्टियों का प्रस्थान 18 अप्रैल 2024 को सेन्ट्रल वेयर हाउस जनता रोड सहारनपुर से किया गया। जनपद में 2708 पोलिंग पार्टियां लगाई गई जो अपने गन्तव्य स्थान पर पहुंच गई है। पार्टियों पर नियंत्रण हेतु 22 जोनल मजिस्ट्रेट व 216 सैक्टर मजिस्ट्रेट लगाये गये है। इन सभी के ऊपर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट जिनमें जनपद के तीनो अपर जिलाधिकारी व तीनो पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण करेगें। 170 माइक्रो आब्जर्वर लगाये गये है। 743 मतदेय स्थलों पर पर्दानसीन महिलाओं के लिए महिला मतदान कार्मिक नियुक्त किये गये है। मतदेय स्थलों पर पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात की गई है जिन्हे सख्त निर्देश दिये गये है कि मतदान में गडबडी फैलाने वालों के विरूद्ध सख्ताई से पेश आया जाये। जनपद में प्रति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एक-एक पिंक बूथ एवं एक-एक आदर्श बूथ बनाया गया है।

इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रजनीश कुमार मिश्र, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्री उत्सव आनंद सहित संबंधित अधिकारीगण एवं मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

## थाना फतेहपुर पुलिस ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर, निकला फ्लेगमार्च



सुनील सैनी /युरेशिया

छुटमलपुर। थाना फतेहपुर पुलिस ने सहारनपुर एसएसपी डा0 विपिन ताड़ा के आदेशानुसार थाना प्रभारी फतेहपुर धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में अपनी टीम के साथ मतदान केंद्रों का का निरीक्षण किया गया थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ छुटमलपुर, मुजफ्फराबाद, भोगपुर, नवादा आदि गांव में फ्लैग मार्च निकालते हुए कहा की सभी लोग शांति पूर्ण मतदान करे अफवाओं पर ध्यान न दे चुनाव के समय यदि कोई माहौल खराब करने को कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।







**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मण्डल**

सूचना, समाचार, विज्ञापन आदि के लिए संपर्क करे।

मोनु कश्यप
जिला प्रभारी
मो0 8630402509
प्रदीप धीमान
मण्डल प्रभारी
मो0 9045220410
अरविंद चौहान
गंगोह प्रभारी
मो0 9759693305
मणिकांत वत्स
स0पुर
मो0 9759178755
मोनीन
नागल प्रभारी
मो0 9639221277
अश्वनी धीमान
नानौता प्रभारी
मो0 9720509609
नाथीराम सहल
चिलकाना प्रभारी
मो0 6397074075
विकास शर्मा
तहसील नकुड़ प्रभारी
मो0 6396576517
शक्ति चौधरी सरसावा प्रभारी
मो0 97197 77268
मनोज कंबोज
बिहारीगढ़ प्रभारी
मो0 96751 96324

## एक नजर..

# खेत में आग लगी देख साथियों संग बुझाने दौड़े सपा नेता मोहम्मद ऐबाद



युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। राजनीतिक से लेकर समाज सेवा तक हमेशा लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहने वाले समाजसेवी और सपा नेता मोहम्मद ऐबाद के द्वारा खेत में लगी आग को बुझाने का मामला आमजन सहित सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसको देखकर हर कोई सपा नेता मोहम्मद और उनके साथियों की सरहाना कर रहा है। दरअसल समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद ऐबाद जलालपुर विधानसभा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी लालजी वर्मा के लिए प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान कर्बला कासिमपुर बाजार पहुंचे थे। इस दौरान उनकी निगाह एक खेत की तरफपड़ी देखा आग की लपटे निकल रही थी। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक मोहम्मद ऐबाद ने अपनी गाडी रुकवाई और साथियों संग आग बुझाने दौड़ पड़े। और बांस का डंडा लेकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया और उनके इस प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका आग हल्की होने पर ऐबाद ने अपने गमछे से आग बुझाना शुरू किया और किसान की फसल को बर्बाद होने से बचा लिया। ऐबाद के आग बुझाने के प्रयास को देखने के बाद लोगों में उनकी काफी सराहना हो रही है। लोग कहते हैं ऐबाद जैसे भी समाजवादी लोग है जो जमीन स्तर पर काम कर रहे हैं सपा प्रमुख अखिलेश यादव के काफी करीबी होने के बाद भी ऐबाद काफी सरल स्वभाव के नेता जाने जाते हैं। जिस समय मोहम्मद ऐबाद ने यह सराहनीय कार्य किया उस समय उनके साथ ब्लाक अध्यक्ष संदीप वर्मा, किरदार मेहंदी, अखिलेश पांडे, रमेश कुमार, बाबूलाल यादव, हरीराम यादव अंकुश पटेल , सन्तोष वर्मा आदि मौजूद थे।

# रोड नहीं तो वोट नहीं, का बैनर लगा ग्रामीणों ने जताया विरोध

अजीत सिंह / युरेशिया



अम्बेडकरनगर। अलमापुर अमरतल गांव में ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत न कराए जाने से रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर नाराजगी जताई है। और विभागीय अधिकारियों से सड़क मरम्मत की मांग की है। अकबरपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत अलमापुर अमरतल गांव में 15 वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी के माध्यम से करीब 20 लाख रुपए की लागत से दो किलोमीटर सड़क बनवाई गई थी। सड़क निर्माण के बाद फिर किसी ने इधर मुड़कर नहीं देखा। सड़क की दशा बेहद बत्तर है इसमें जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं। सड़क के ऊपर की डामर व गिट्टी पूरी तरह से उखड़ कर गायब हो चुकी है। सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। नुकीले पत्थरों के बीच आवागमन करने से आए दिन वाहन पंचर होते रहते हैं। रात के अंधेरे में राहगीर व ग्रामीण अक्सर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र–छात्राओं को होती है बारिश के दिनों में समस्या और बढ़ जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने ने उक्त सड़क की मरम्मत कराये जाने के लिए कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन किसी ने समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद यह मुद्दा जोर पकड़ रहा है। ग्रामीणों ने विरोध का नायाब तरीका ढूंढ निकाला है। गांव के बाहर रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर नाराजगी जताई है। गांव में लगा उक्त बैनर चौक चौराहे पर चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्राम प्रधान शिवपूजन राजभर, अजय कुमार, आरपी सिंह, नरसिंह, बाबूलाल, अनिल कुमार अजय कुमार, विनोद कुमार, रामनयन, आदि ने बताया कि 15 वर्ष पहले गांव में सड़क बनवाई गई थी। उसके बाद से एक बार भी कोई देखने तक नहीं आया है। मजबूर होकर ग्रामीणों को यह कदम उठाना पड़ा है।

# 19-26 अप्रैल को मतदान, वोट डालने जाना गांव गांव गली में सबको ये समझाना-शाहिद रजा

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वीप लोकगीत कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार शाहिद रजा श्रावस्ती अपने कलाकारों द्वारा मेरठ के भिन्न भिन्न स्थानों पर 19 एवं 26 अप्रैल को मतदान के अन्तर्गत मतदाताओं को लोकगीत के माध्यम से समझा रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने, सोहराबगेट बस स्टेशन, आम्रपाली के सामने, पशु चिकित्सालय, इंदिरा चौक, पैंठ बाजार, नंदन सिनेमा, ईव्ज चौराहा के विभिन्न स्थानों पर लोकगीत , 19–26 अप्रैल को मतदान वोट डालने जाना, गांव गांव गली में सबको ये समझाना, पूरे परिवार के साथ तुम जाना, किसी के बहकावे मे तुम मत आना, अपनी पसंद का बटन दबाना, हँसते हँसते जाना, बीमार और असमर्थ को साधन से ले जाना, लेकिन वोट डालने जाना से जनता में मतदान के प्रति जोश जगाया।

# मतलूब राइन एवं एडवोकेट यमन कुमार ने अपनी पत्नी के साथ किया मतदान




युरेशिया संवाददाता

चरथावल विकासखंड के गांव नगला राई के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर पूर्व ग्राम प्रधान व रालोद से चरथावल विधान सभा प्रभारी मतलूब राइन एवं एडवोकेट यमन कुमार ने अपनी पत्नी के साथ किया मतदान

# डा.सरताज अहमद की पुस्तक 'एप्लाइड सोशियोलॉजी फोर नर्सिंग' का विमोचन

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। सुभारती समूह के संस्थापक एवं वरिष्ठ शल्य चिकित्सक प्रो.डा अतुल कृष्ण, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा.जी. के.थापलियाल, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं विख्यात दंत रोग विशेषज्ञा प्रो. डॉ. शल्या राज, सुभारती मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा.प्रदीप भारती, उपप्राचार्य डा. सत्यम खरे व कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्षा डा. भावना पंत ने स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के समाज विज्ञानी एवं प्रोफेसर डा.सरताज अहमद की पुस्तक ष्एप्लाइड सोशियोलॉजी फोर नर्सिंग ष् का विमोचन किया।

कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रिजुल रंजन इस पुस्तक के सह लेखक है। इस पुस्तक को कुमार पब्लिशिंग हाउस विशाखा एंक्लेव नई दिल्ली ने प्रकाशित किया है। डा.सरताज अहमद ने बताया कि यह पुस्तक नर्सिंग पाठ्यक्रम के डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक नर्सिंग के शोध छात्र छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी है। इस पुस्तक को सात खंडों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पुस्तकें क्रमशः इंट्रोडक्टरी आफसोशियोलॉजी, ए टेक्स्ट बुक आफ सोशियोलॉजी , प्रिंसीपल आफ सोशियोलॉजी, थ्योरिटिकल पर्सपेक्टिव आफसोशियोलॉजी, एन इंडियन सोशल सिस्टम, ए टेक्स्ट बुक आफमेडिकल सोशियोलॉजी देश के विभिन्न पब्लिकेशन हाउस में प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो.डा सरताज अहमद एवं डा रिजुल रंजन की इस अनूठी उपलब्धि पर पन्नाधाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ गीता परबंदा , ज्योतिबा फुले सुभारती कॉलेज आफफिजियोथैरेपी की प्राचार्य डॉ. जैस्मीन आनंदीबाई, सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफलॉ के प्राचार्य एवं डीन प्रो. डॉ वैभव गोयल भारतीय, सुभारती वैलनेस हेल्थ सेंटर के चेयरमैन एवं कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के प्रो. डॉ राहुल बंसल, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. पवन पाराशर, डॉ रुचि त्यागी, डा वर्षा चौधरी, डा अनुराधा दवे, डा मोनिका गुप्ता, डा सौरभ शर्मा, डा छवि किरण गुप्ता, डॉ कायनात नासेर, डा कृतांजलि सहित सुभारती विश्वविद्यालय के समस्त प्राचार्य एवं डीन, शिक्षकों एवं चिकित्सकों, अधिकारियों, परास्नातक छात्र–छात्राओं और इनटरन्स , मीडिया प्रभारी व सभी गैर शिक्षक कर्मचारीगण तथा समस्त सुभारती परिवार ने बधाई दी है।

# शिवसेना में महानगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को सौंपें मनोनयन पत्र


युरेशिया संवाददाता



मेरठ। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे महानगर प्रमुख मोहित त्यागी द्वारा छीपी टैंक स्थित शिव.सेना कार्यालय पर महानगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे गए। मनोनयन पत्र प्राप्त करने वालों में महानगर उपप्रमुख मुकेश शर्मा, महानगर महासचिव पवन पार्चा, महानगर प्रवक्ता डा विनित जैन, महानगर सचिव जसवीर सिंह व बिरजू, महानगर संयुक्त सचिव दीपक वैश्य व नरेश, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सोनिया उत्तम व अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष मास्टर अजीज ठेकेदार आदि शामिल रहे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी धर्मेन्द्र तोमर, जिला महासचिव अवनीश आर्य, जिला आई टी प्रमुख जूनियर राजेश खन्ना, जिला सचिव सहेंद्र तोमर, प्रदीप कुमार राजा, नदीम चौधरी, रिजवान आदि उपस्थित रहे।

# विस्डम ग्लोबल स्कूल ,पल्लवपुरम शाखा द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन







युरेशिया संवाददाता

मेरठ। समय परिवर्तनशील है। समय की यह परिवर्तनशीलता जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित करती है। आज के इस प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्रों को सफलता सिर्फकिताबी ज्ञान से प्राप्त नहीं होती है, अपितु इसके लिए अलग–अलग विद्याओं का अनुभव भी जरूरी है एजुकेशनल ट्रिप अर्थात शैक्षणिक भ्रमण ज्ञान अर्जित करने की ऐसी ही एक विद्या है। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। ष्अनुभव और ज्ञान ही आगे बढ़ने में सहायक हैष् इसी विचार पर आगे बढ़ते हुए कक्षा चार और पॉच के विद्यार्थियों को श्वर्ल्ड हेरिटेज डे अर्थात विश्व विरासत दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय इतिहास के प्रति जागरूक करने हेतु दौराला, वलीदपुर स्थित फ्रीडम फाइटर स्ट्रगल म्यूजियम का शैक्षणिक टूर करवाया गया। इस म्यूजियम में ब्रिटिश साम्राज्य के द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को दी जाने वाली प्रताड़ना का– विभिन्न झाँकियों द्वारा मार्मिक ढंग से चित्रण किया गया है। यह म्यूजियम केवल ऐतिहासिक महत्व ही नहीं रखता अपितु धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहाँ भारतीय संस्कृति को उजागर करने वाले विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रतिरूप जैसे– स्वर्ण मंदिर, बारह ज्योतिर्लिंग, अमरनाथ गुफा आदि भी स्थित हैं। हमारी ऐतिहासिक इमारतों के प्रतिरूपों ने विद्यार्थियों को हमारे इतिहास के बारे में जानने का अमूल्य अवसर प्रदान किया। इन सभी का अवलोकन कर विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के लिए हमारे सेनानियों के द्वारा किए संघर्ष व बलिदानों के विषय में अमूल्य जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों के द्वारा क्रांति के महत्वपूर्ण बिंदुओं को अपनी डायरी में अंकित किया गया । यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को क्रांति के गौरवान्वित इतिहास के बारे में व शहीदों के बारे में ? परिचित कराने की श्रंखला की एक कड़ी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ बलजीत कौर सेठी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों में हमारे इतिहास व धरोहर के प्रति रुचि जगाते हैं, और उन्हें जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की

प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अमर अहलावत ने सब को शुभकामनाएं दी।

# विक्टोरिया पार्क से किया गया पोलिंग पार्टी को रवाना

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय ललियाना, मदरसा इस्लामिया अरबिया जामिया अजहर, मदरसा इस्लामिया अरबिया अनवारूल इस्लाम पोलिंग बूथ का निरीक्षण








युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को विक्टोरिया पार्क से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय ललियाना वि0क्षे0 परीक्षितगढ, मदरसा इस्लामिया अरबिया जामिया अजहर ललियाना, मदरसा इस्लामिया अरबिया अनवारूल इस्लाम पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर वहां सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

# एक्सटेंशन एक्टिविटी का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शिक्षा संकाय, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के बौद्धिक वचन क्लब के छात्र अध्यापक एवं छात्र अध्यापिकाओं द्वारा एक्सटेंशन एक्टिविटी जिसका शीर्षक मूल्य शिक्षा का महत्व था, का आयोजन एम डी एम पब्लिक स्कूल जानी खुर्द मेरठ में सफलतापूर्वक किया गया। शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ0 (प्रो0) संदीप कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ0 (प्रो0) अनोज राज ने भी अपनी शुभकामनाएं दी और अपने विचार साझा करते हुए बताया कि आज की भाग दौड़ वाली जीवन शैली में केवल मूल्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है, जो आने वाली भविष्य की पीढ़ी का सही मायने में मार्गदर्शन कर सकेगा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन पर खुशी जताते हुए बौद्धिक वचन क्लब के छात्र अध्यापक एवं छात्र अध्यापिकाओं जिनमें केतकी, श्रुति, गुंजन, आलिया, अभिषेक, अंकित, कीर्ति.

कनक, सलोनी, लक्ष्मी, अवी सागर, शिवानी, सुभाना, दिलखुश, दिव्या, को इस गतिविधि को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी और भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों को करते रहने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ0 राहुल सिरोही सह आचार्य ने भी अपने विचार साझा करते हुए बताया कि स्कूल के छात्र–छात्रा कल के भविष्य की उज्जवल नीव तभी रख सकेंगे जब वे स्वयं छोटी–छोटी आदतों का निर्माण स्कूल के वातावरण से सीख सकेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र अध्यापक एवं छात्र अध्यापिकाओं ने स्कूल के छात्र–छात्राओं को शपथ दिलाई कि वह छोटी–छोटी मूल्य शिक्षा विशेष ध्यान रखेंगे पढ़ाई के साथ–साथ मूल्य शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए एक्सटेंशन एक्टिविटी की संयोजिका डॉ0 रीवा देवी, सहायक आचार्य, शिक्षा विभाग ने कहा कि मूल्य शिक्षा इस प्रकार जरुरी है, जिस प्रकार आभूषण एक ग्रहणी को सुंदरता प्रदान करते हैं श्री कर्मवीर शर्मा प्रधानाचार्य एम डी एम पब्लिक स्कूल जानी खुर्द ने भी अपने विचार साझा करते हुए बताया कि उनका प्रयास मूल्य शिक्षा को मुख्य रूप से बल देते हुए शिक्षा प्रदान करना है साथ अनुशासन एवं अपने–अपने कार्य स्वयं समय पर करने की अच्छी बातों पर बल दिया। एक्सटेंशन एक्टिविटी के सफल बनाने में स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापक ,अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए एक्सटेंशन एक्टिविटी की संयोजिका डॉ0 रीवा देवी, सहायक आचार्य, शिक्षा विभाग दुवारा समापन किया गया।

# आईआईएमटी विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस विभाग में सिक्स सिग्मा कोर्स का शुभारंभ



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस विभाग में उद्योगों में गुणवत्ता विकास और उत्पादकता सुधार के लिए प्रसिद्ध सिक्स सिग्मा कोर्स का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विशेषज्ञों द्वारा निर्देशित और विद्यार्थियों के सीखने के लिए एक अनूठा अवसर है। विभाग के अधिष्ठाता डॉ अतुल कुमार अग्रवाल ने कहा, सिक्स सिग्मा प्रोग्राम के माध्यम से, हमारा उद्देश्य छात्रों को सिक्स सिग्मा की मूल बातें, इसके उपकरण और तकनीकों के बारे में गहन ज्ञान प्रदान करना है, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में उच्चतर गुणवत्ता और दक्षता ला सकें। अधिष्ठाता डॉ अतुल कुमार अग्रवाल के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनों को विकसित भारत एम्बेसडर की टोपियाँ वितरित कीं। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ0 तृप्ति नीर ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विकास कुमार, डॉ बीके चौहान, डॉ रेणु अग्रवाल, डॉ भास्कर गर्ग, अश्विनी शर्मा, डॉ सरिता शर्मा, डॉ रचना शर्मा, डॉ पूनम शर्मा तथा प्रोफेसर डॉ नारायण दीक्षित व विभाग के स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# डॉक्टर अशोक का मरीज ही निकला चोर

युरेशिया संवाददाता



नगीना पुलिस ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अशोक कुमार गुप्ता के यहां हुई चोरी का खुलसा किया मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए गए लाइसेंस रिवाल्वर आभूषण व नगदी को बरामद कर लिया है।

नगीना में गांधी पार्क के पास क्लीनिक चलाने वाले छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार का घर गन्ना समिति के पास है । डॉ अशोक गुप्ता अपनी पत्नी के साथ अपने डॉक्टर प्रोफेसर बेटे के पास जोधपुर राजस्थान गए हुए थे घर पर कोई नहीं था और घर बंद था पिछले 13 14 अप्रैल की रात में अज्ञात चोर ने घर की छत से मकान के अंदर पहुंचकर घर के ताले तोड़कर कमरे में रखा 32 बोर का लाइसेंसी रिवाल्वर तथा ?50000 की नगदी दो सोने की अंगूठी 6 चांदी के सिक्के चोरी कर लिए और छत के रास्ते से ही फरार हो गया। जब डॉक्टर अशोक गुप्ता अगले दिन अपने घर पर पहुंचे तो उन्होंने अपने घर के तले खुले हुए देखे और इस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया की विवेचना के दौरान सीसी टीवी कैमरों को फुटेज चेक करने पर एक व्यक्ति डॉक्टर अशोक गुप्ता की छत पर जाता हुआ तथा फिर कुछ समय बाद आता हुआ दिखाई दिया विवेचना तथा कमरों की फुटेज के आधार पर नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रावलहेड़ी निवासी अवनीश कुमार पुत्र उत्तम सिंह प्रकाश में आया पुलिस ने बुधवार को चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अवनीश कुमार पुत्र उत्तम सिंह को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पास से एक लाइसेंस रिवाल्वर 70 80 रुपए नगद सफेद धातु की पतानुमा प्लेट तथा सात सिक्के तथा एक लाल रंग वह पीली धातु की मूर्ति एक कंठी माला सफेद धातु की कान का टॉप पीली धातु 5.99 किलोग्राम की सिक्के और काले नीले रंग का वेग घर के ताले तोड़ने में प्रयोग किया गया सब बाल बरामद कर लिया है कोतवाल ने बताया कि पुलिस ने डॉक्टर अशोक गुप्ता की तहरीर पर दर्ज धारा 457/ 380 के मुकदमे में माल बरामद के आधार पर धारा 411 की वृद्धि कर अभियुक्त अवनीश कुमार पुत्र उत्तम सिंह का चालान कर जेल भेज दिया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)